आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 10 लखनऊ, सोमवार 14 जून से 20 जून, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## जी–७ में मोदी ने की वैक्सीन की बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया की सात बड़ी आर्थिक ताकतों के जी–७ सम्मेलन में वैक्सीन की बात की। उन्होंने दुनिया के देशों से वैक्सीन को पेटेंट से मुक्त करने को कहा और साथ ही दुनिया के हर देश में वैक्सीन पहुंचाने में मदद भी मांगी। प्रधानमंत्री ने रविवार को लगातार दूसरे दिन जी–७ शिखर सम्मेलन को वर्चुअल तरीके से संबोधित किया। पहले दिन उन्होंने वन अर्थ, वन हेल्थ के फर्मूले पर बात की थी। गौरतलब है कि लंदन में हो रहा जी–७ शिखर सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया। जी–७ सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पी हरीश ने बताया– प्रधानमंत्री मोदी ने जी–७ देशों के नेताओं से कोरोना वैक्सीन को पेटेंट फ्री करने की वकालत की साथ ही सभी देशों तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए सहयोग मांगा। इसके साथ ही उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े कारोबारी पहलुओं यानी ट्रिप्स में छूट के प्रस्ताव का समर्थन करने का आग्रह किया। अस्ट्रेलिया और



दक्षिण अफ्रीका ने इसका समर्थन किया। इसके पहले विश्व व्यापार संगठन, डब्लुटीओ और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव भी इसका समर्थन कर चुके हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्लुटीओ को इसका प्रस्ताव भी भेजा है। ट्रिप्स छूट के तहत भारत की मांग है कि डब्लुटीओ को महामारी से निपटने के लिए कारोबार से संबंधित कुछ खास अधिकारों पर अस्थायी तौर पर रोक लगा देनी चाहिए। अगर ऐसा होता है कि दुनिया के सभी देशों को वैक्सीन और मेडिकल सपोर्ट मिलने में आसानी होगी, क्योंकि कोई देश फिर किसी हेल्थ इमरजेंसी उत्पादों पर अपना एकाधिकार नहीं जता सकेगा।बहरहाल, प्रधानमंत्री ने रविवार को दो सत्रों में हिस्सा लिया। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर उन्होंने कहा– इस चुनौती का एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। हम इसे टुकड़ों में बांट कर काम नहीं कर सकते। उन्होंने कहा– भारत जी–२० का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने पेरिस समझौते से जुड़े अपने सभी वादे पूरे किए हैं। भारत जी–७ का प्राकृतिक सहयोगी है। हमें मिलकर विस्तारवाद और साइबर सुरक्षा पर भी काम करना होगा।

## न्यायमूर्ति संजय यादव जो सिर्फ १३ दिनों के लिए ही बनाए गए मुख्य न्यायाधीश


लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति संजय यादव को यहीं का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राजभवन लखनऊ के गांधी हॉल में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को न्यायमूर्ति संजय यादव को पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनका कार्यकाल १३ दिन का ही है और वह २५ जून, २०२१ को रिटायर होंगे। २६ जून १६६१ को जन्मे संजय यादव २५ अगस्त १६८६ में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए। उसके बाद उन्होंने जबलपुर हाईकोर्ट में वकालत प्रारंभ की। सिविल, रेवेन्यू और संवैधानिक मामलों में वकालत करने वाले संजय यादव मध्य प्रदेश के डिप्टी एडवोकेट जनरल भी रहे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय यादव का कार्यकाल इसी महीने की २५ तारीख तक ही है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय यादव को चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद उनकी नियुक्ति शपथ ग्रहण और कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी करने का आदेश जारी



किया गया था। इससे पहले वह १४ अप्रैल से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में काम कर रहे थे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , विधि एवम न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव आरके तिवारी, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायाधीश महोदय के परिवार के सदस्य, हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश, रजिस्ट्रार तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।

## एक्टिव केस 10 लाख से नीचे, मई में लहर के समय 35 लाख से ऊपर थी

नई दिल्ली। दो महीने से ज्यादा समय के बाद रविवार को देश में एक्टिव केसेज की संख्या १० लाख से नीचे आ गई है। इससे पहले आठ अप्रैल को एक्टिव केसेज की संख्या १० लाख से ऊपर गई थी। उसके बाद बढ़ते बढ़ते यह मई में कोरोना की दूसरी लहर के समय ३५ लाख से ऊपर पहुंच गई थी। लेकिन सात मई को पीक पर पहुंचने के बाद लगातार संक्रमितों की संख्या कम हो रही है और इसके साथ ही एक्टिव केसेज की संख्या भी घटने लगी। रविवार को खबर लिखे जाने तक देश में एक्टिव केसेज की संख्या १० लाख से कम होकर नौ लाख ६७ हजार पर आ गई थी। पिछले एक हफ्ते से हर दिन मिलने वाले कोरोना संक्रमितों की संख्या एक लाख से नीचे है और ठीक होने वाले मरीजों की संख्या एक लाख से ऊपर है। रिकवरी रेट बढ़ कर ६४ फीसदी से ऊपर पहुंच गया है। हर दिन मिलने वाले संक्रमितों के मुकाबले ४५ से ५५ हजार ज्यादा लोग ठीक हो रहे हैं। रविवार को लगातार सातवें दिन संक्रमण की दर पांच फीसदी से नीचे रहे और रिकवरी की दर ६४ फीसदी या उससे ऊपर रही। हालांकि संक्रमण से मरने वालों की संख्या में उस अनुपात में कमी नहीं आ रही है। शनिवार को कुल ८४ हजार से कुछ ज्यादा केस



आए, लेकिन ३३ सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई। बहरहाल, रविवार को खबर लिखे जाने तक देश में ६६ हजार के करीब केसेज आए थे। देर रात तक छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, पंजाब और असम सहित कई राज्यों के आंकड़े अपडेट नहीं हुए थे। इनके आंकड़े आने के बाद भी संक्रमितों की संख्या में और इजाफा होगा। खबर लिखे जाने तक पूरे देश में करीब १४ सौ लोगों के मरने की खबर आई थी। देश में सर्वाधिक संक्रमित महाराष्ट्र में रविवार को १०,४४२ नए केसेज मिले और ४८३ लोगों की मौत हुई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में २४ घंटे में २५५ संक्रमित मिले और २३ लोगों की मौत हुई। दिल्ली में रविवार को संक्रमण की दर ०.३५ हो गई है। राजस्थान में रविवार को ३०८ नए मामले आए और सात लोगों की मौत हुई। उत्तर प्रदेश में ४५२ नए केसेज मिले और ५१ लोगों की मौत हुई। पश्चिम बंगाल में ३,६८४ नए केसेज मिले और ८४ लोगों की मौत हुई। ओड़िशा में ४,४६६ नए संक्रमित मिले और ४५ लोगों की मौत हुई। जम्मू कश्मीर में ७७४ नए मरीज मिले और १२ लोगों की संक्रमण से मौत हुई। देश के दूसरे केरल में रविवार को ११,५८४ नए केसेज मिले और २०६ लोगों की मौत हुई। तमिलनाडु में १४,०१६ मामले आए और २६७ लोगों की मौत हुई। आंध्र प्रदेश में ६,७७० नए संक्रमित मिले और ५८ लोगों की मौत हुई।

## करोड़ों व्यापारी भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों का हो रहे शिकारः अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा पर व्यापारियों को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि करोड़ों व्यापारी भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के शिकार हुए हैं। यादव ने यहां एक बयान में आरोप लगाया, "भाजपा राज में दुकानदार, कारोबार, व्यापार सभी बर्बाद हो गए हैं। करोड़ों व्यापारी भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के शिकार हुए हैं। नोटबंदी, जीएसटी से परेशान व्यापारियों की हालत लकडाउन ने बुरी तरह बर्बाद की है।" उन्होंने आरोप लगाया, "व्यापारी विरोधी नीतियों से सब तरह त्राहि–त्राहि मची हुई है। पिछले वर्ष घोषित २० लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज से किसी का कोई लाभ नहीं हुआ, इस घोषणा का क्या हुआ, कुछ पता नहीं चला। भाजपा सरकार में छोटे दुकानदारों को धोखा मिला है जबकि चुनिंदा करपोरेट घरानों को सभी सहूलियतें देकर उनकी आमदनी दिन दूनी रात चौगुनी



बढ़ाई गई है।" उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "भाजपा को गलतफहमी है कि व्यापारी अपने उत्पीड़न के बावजूद भाजपा के साथ रहेगा। व्यापारी समाज जान गया है कि भाजपा छोटे लोगों की नहीं बड़े पूंजी घरानों के हितों का पोषण करने वाली पार्टी है। व्यापारी २०२२ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है।"

# सम्पादकीय

## अंधकार में अर्थव्यवस्था

कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने डगमग अर्थव्यवस्था को एक तरह से अंधकार में धकेल दिया है। बैंको से निजी कर्ज लेने वालों, क्रेडिट कार्ड से कर्ज लेने वालों और प्राइवेट कंपनियों से गोल्ड लोन लेने वालों के डिफॉल्ट में पिछले महीने हुई बढ़ोतरी बढ़ती जा रही तबाही का संकेत देती है। रोजमर्रा के उपयोग की चीजें का बाजार जिस तरह अप्रैल और मई में ढहा है, उसका भी यही संकेत है कि भारत दुर्दशा अकथनीय रूप लेती जा रही है। दरअसल, ऐसी कहानी दुनिया भर में देखने को मिल रही है। इसलिए फिलहाल ऐसी भी कोई उम्मीद नहीं है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की मजबूती भारत को संभाल लेगी। मसलन, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट गौरतलब है। उसमे बताया गया है कि वैश्विक संकट के कारण २०२२ तक बेरोजगारों की संख्या बढ़कर २० करोड़ ५० लाख हो जाएगी। गरीबों की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ–साथ विषमता भी बढ़ेगी। आईएलओ का कहना है कि रोजगार के अवसरों में होने वाली बढ़ोतरी साल २०२३ तक इस नुकसान की भरपाई नहीं कर पाएगी। ये सूरत तब की है, जब अभी पता नहीं है कि कोरोना महामारी के अभी आगे और कितने दौर आएंगे। हर दौर नई समस्याएं पैदा करेगी, यह साफ है। फिलहाल, सूरत यह है कि दुनिया में कोरोना महामारी का अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रहे दो अरब श्रमिकों पर विनाशकारी असर हुआ है। २०१६ के मुकाबले अतिरिक्त १० करोड़ ८० लाख श्रमिक अब 'गरीब' या 'बेहद गरीब' की श्रेणी में पहुंच चुके हैं। आईएलओ का अनुमान है कि अगले साल तक वैश्विक बेरोजगारी बढ़कर २० करोड़ ५० लाख हो जाएगी। २०१६ में यह संख्या १८ करोड़ ७० लाख थी। साफ है कि कोविड–१६ महामारी से श्रम बाजार में पैदा संकट खत्म नहीं हुआ है। नौकरियों के अवसर में बड़े पैमाने पर ह्रास का महिलाओं, युवाओं और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वालों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। महिलाओं के लिए २०२० में रोजगार के अवसरों में पांच फीसदी की गिरावट आई, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा करीब चार फीसदी रहा। आईएलओ ने कहा है कि गरीबी उन्मूलन की दिशा में पांच साल की प्रगति बेकार चली गई है। उसने अनुमान लगाया है कि अगर दुनिया में महामारी नहीं आती, तो करीब तीन करोड़ नई नौकरी पैदा हो सकती थी। लेकिन महामारी के कारण कई छोटे व्यवसाय दिवालिया हो गए हैं या गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

# सरकार ने मानसून के मद्देनजर मौसमी और मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने की तैयारी

लखनऊ। कोरोना संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण करने के बाद घनी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में सरकार ने मानसून के मद्देनजर मौसमी और मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर १५ जून से घर–घर बच्चों को उपयोगी दवाइयों की किट वितरित करने का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिये सीएचसी और पीएचसी में फीवर क्लीनिक स्थापित कर दिए गए हैं। सर्विलांस को और बेहतर करने में अधिकारी जुटे हैं। इंसेफेलाइटिस और मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिये गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मण्डल के साथ–साथ नेपाल से लगे जिलों में खास सावधानी बरतने को भी कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि दशको से पूर्वांचल में बच्चों के लिये जानलेवा बीमारी के तौर पहचान बनाने वाली इंसेफेलाइटिस पर योगी सरकार के आने के बाद प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। हर साल सैकड़ों मासूमों को निगलने वाली इस बीमारी की दहशत अब पूर्वांचल में न के बराबर है। बच्चों के प्रति विशेष लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद रहते हुये भी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम के लिये प्रभावी प्रयास किये जबकि २०१७ में राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्होने इस दिशा में जारी प्रयासों को परवान चढाया,नतीजन गोरखपुर,कुशीनगर और देवरिया समेत समूचे उत्तर प्रदेश में इस बीमारी से ग्रसित होने वाले बच्चों की संख्या न के बराबर रह गयी है। उन्होने बताया कि महज दो महीनों में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर अंकुश लगाने के बाद योगी आदित्यनाथ की नजर




बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों की रोकथाम पर है और उनके निर्देशों के बाद मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के इंतजाम तेज हो गये हैं। गांवों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर निगमों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। मौसमी बीमारियों के संक्रमण की चेन को रोकने के लिये आशा बहुओं, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को घर–घर बुखार के मरीजों की सूची बनाने को कहा गया है। मौके पर आरडीटी किट से खून की जांच करने,मलेरिया रोग चिन्हित होने पर उनके इलाज और फलोअप को शुरू करने के भी निर्देश उत्तर प्रदेश सरकार ने दिये हैं। मलेरिया विभाग की ओर से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। जिलों में विशेष रूप से डीडीटी से इंडोर रीजीड्यू स्प्रे (आईआरएस) कराने का काम भी तेज हो गया है। वैक्टरजनित रोगों के प्रभावी रोकथाम के लिये कार्ययोजना के तहत प्रदेश के अधिकांश जिलों के तालाबों में गम्बूजिया मछली डाली गई है। इन मछलियों को लार्वा को खत्म करने में उपयोगी भूमिका रहती है। सूत्रों ने बताया कि बरसात में मौसमी बीमारियों के संक्रमण को रोकने के लिये नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को साफ–सफाई के विशेष अभियान चलाने जा रही हैं। नालियों और नालों की सफाई करने के साथ फगिंग कराने के भी निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिये विशेष रूप से सर्विलांस व्यवस्थाओं को और बेहतर करने, स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ ग्राम्य विकास विभाग और बाल विकास पुष्टाहाल आदि विभागों से एक्टिव रहने को कहा है। आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकात्रियां, एएनएम, ग्राम प्रधान लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिये जागरूक करने की की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये गांव–गांव में मच्छर जनित रोगियों की जांच करेंगी और साथ में उनको बीमारी की रोकथाम के लिये जागरूक करने का भी काम करेंगी।

# लाइन पर काम करने के दौरान बिजली विभाग के दो कर्मचारी बुरी तरह झुलसे

लखनऊ। चिनहट २२० केवी ट्रांसमिशन लाइन पर काम करने के दौरान बिजली विभाग के दो कर्मचारी बुरी तरह से झुलस गए। इन दोनों कर्मचारियों को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा होने की जानकारी के बाद संविदा कर्मचारियों में आक्रोश भर गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि घायल संविदा कर्मी को विभाग की ओर से पूरी तरह से इलाज कराया जाए और उन्हे उचित मुआवजा दिया जाए। घायल दोनों कर्मचारियों में एक कर्मचारी विभागीय है और एक संविदा है। मिली जानकारी के मुताबिक रेग्लुयर कर्मी विजय और संविदा कर्मी शेर बहादुर शटडान लेकर ट्रांसमिशन लाइन पर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से करंट आने से दो कर्मचारी लपेटे में आ गए। बताया जा रहा है कि पोल पर चढे होने की वजह से संविदा कर्मी नीचे आ गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अधीक्षण अभियंता आशुतोष दीक्षित ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद दोनों कर्मचारियों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से इलाज का पूरा पैसा खर्च किया जा रहा है। मेंटेनेंस का काम बीआरबी कंपनी की ओर से कराया जा रहा था। इस कंपनी के पास नियमों के मुताबिक लाइनों के मेंटेनेंस, दुरुस्तीकरण सहित अन्य कामों के लिए ए ग्रेड सर्टिफिकेट होना चाहिए। लेकिन कंपनी के पास कोई सर्टिफिकेट नहीं है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है नियमों को दरकिनार कर किस तरह से इस कंपनी को लाइन दुरुस्तीकरण का काम दे दिया गया। ऐसे में यदि ऐसा हुआ है कि कंपनी के टेंडर को अब भी निरस्त कर देना चाहिए।

# यूपी में अपराध और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है जनता : लल्लू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भ्रष्टाचार और घोटालेबाज सरकारों से त्रस्त जनता के सामने कांग्रेस एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरी है। अजय कुमार लल्लू ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी टूट रही है, वही सत्ताधारी भाजपा पूरी तरह बिखर रही है, बारी–बारी से जनता को भृमित कर सत्ता में आने वाले सपा व भाजपा जैसे दलों के भ्रष्टाचार, अपराध, घोटालेबाजी के कारण ऊब चुकी है। संकट काल में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में जनता के मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है वही सेवा सत्याग्रह के माध्यम से कोरोना जैसी महामारी की विभीषिका में उसके कार्यकर्ता जरूरतमंदों की मदद करने में लगे है। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव को पार्टी में शामिल कराने के अवसर पर उन्होने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी




और प्रदेश को बर्बादी, बदहाली, बेरोजगारी, बढ़ते अपराध व भ्रष्टाचार से बचाकर उसके गौरव को पुनः स्थापित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने सपा व भाजपा पर बरसते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों से इन्होंने बारी–बारी से जनादेश का अपमान किया है और प्रदेश को बदहाल बनाने, बेरोजगारों से धोखा करने, नौकरियों में घोटाले करने व भर्तियों को लटकाए रखने व अपराधियों को खुलकर संरक्षण देकर प्रदेश की भरपूर उपेक्षा की है, कांग्रेस अपनी मजबूत विचारधारा व जनसरोकारों के बूते प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व में जनादेश प्राप्त करने में सफल रहेगी व प्रदेश के गौरव को पुनः स्थापित कर बदहाल व्यवस्था को पटरी पर लाकर महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार और किसानों को उत्पीड़न से मुक्त वातावरण में विकास के मार्ग पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनविरोधी शासन काल में हत्या, सामूहिक बलात्कार, महिला उत्पीड़न, लूट, बेरोजगरी, महंगाई के विरुद्ध श्रीमती वाड्रा के नेतृत्व में चट्टान की तरह अडिग होकर कांग्रेस संघर्ष कर रही है। इसलिये लोग कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरो से देख रहे है और जनता सत्ता में रहकर प्रदेश को बदहाल बर्बाद करने वाले दलों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है।

# उत्तर प्रदेश सरकार में फेरबदल की हलचल, अचानक दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अचानक ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दौरे पर पहुंचे। इससे उत्तर प्रदेश सरकार में फेरबदल की हलचल तेज हो गई है। एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश से आने वाले पूर्व कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं से और शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। योगी की इस दिल्ली यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को दिन में अचानक ही दिल्ली जाने का कार्यक्रम फाइनल हुआ। वह दिन में २रू३० बजे लखनऊ के रवाना होकर ३रू३० बजे स्टेट प्लेन से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड किए। यहां से सड़क मार्ग से दिल्ली स्थिति यूपी सदन पहुंच गए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी एल संतोष और पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने लखनऊ का दौरा किया था और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की



तैयारियों की समीक्षा की थी। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव से पहले भाजपा में खींचतान की खबरें सामने आई थी। इस खींचतान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे करीबी एके शर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर बताई जा रही थी। इस खींचतान को लेकर बीजेपी और आरएसएस के नेताओं ने लखनऊ में मंथन भी किया था। मुख्मंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कल देर रात बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह और संगठन मंत्री सुनील बंसल के साथ बैठक की थी। इस बैठक के बारे में कहा गया कि ये हर महीने होने वाली रूटीन बैठक थी, लेकिन इस बैठक में शामिल होने के लिए सुनील बंसल हेलीकॉप्टर से वापस लखनऊ पहुंचे थे। लखनऊ में देर रात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री बैठक के बाद बनी रिपोर्ट को आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा आलाकमान को सौंपेंगे। इसके अलावा पिछले एक महीने से पंचायत चुनाव को लेकर आगे की रणनीति पर भी वह चर्चा करेंगे। अब भाजपा आलाकमान तय करेगा कि उत्तर प्रदेश सरकार और संगठन में किस तरीके के बदलाव होंगे।

# सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया

लखनऊ। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आज यूपी कांग्रेस पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू भी विधानसभा और पेट्रोल पंप पर जब समर्थकों के साथ प्रदर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें उनके सरकारी आवास के बाहर तैनात लखनऊ पुलिस ने उन्हें समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सुबह अजय कुमार लल्लू को पुलिस ने लखनऊ के बहुखंडी आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया था। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज लखनऊ स्थित मेरे आवास पर फिर पुलिस के पहरे लगा दिए गए। हमें आंदोलन की आजादी नहीं है, लेकिन किसान से डीजल–पेट्रोल में, आम आदमी से सरसों तेल में इन्हें लूटने की पूरी आजादी है। लोकतंत्र अपने काले अध्यायों



से गुजर रहा है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी ललन कुमार ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुक्रवार जैसे ही अपने घर से बाहर निकले, उन्हें रोक दिया गया। बाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के आने पर उनके साथ वह प्रदर्शन में हिस्सा लेने निकले तो पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर इको गार्डेन ले गयी। उन्होंने कहा कि पार्टी का विरोध प्रदर्शन हजरतगंज स्थित एक पेट्रोल पंप के पास होना था उसके बाद एक जुलूस के रूप में विधानसभा तक जाने का कार्यक्रम था। ललन कुमार ने बताया कि लल्लू ने फोन पर बताया, “आज सुबह जैसे ही मैं घर से निकला मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। मुझे और करीब ३५० कार्यकर्ताओं को इको गार्डेन ले आया गया।” उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार की तानाशाही है और उन्हें प्रदेश और देश की आम जनता की समस्याओं को उठाने से रोका गया। लल्लू ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे ही विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश में किये जा रहे हैं। प्रयागराज से भी कुछ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार किये जाने की सूचना है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के आह्वान पर पेट्रोलियम पदार्थो की बढ़ती कीमतों को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं।

# ८ शहरों के बीच रोडवेज की एसी बसें १५ जून से

लखनऊ । प्रदेश में कोविडें१६ के मामलों पर अंकुश लगते ही राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज की एसी बसों की मांग बढ़ गई है। मांग इसलिए भी बढ़ी है कि भीषण गर्मी है। ऐसे में रोडवेज अपनी रुटीन की एसी बस सेवाओं के बेड़े को बढ़ाने जा रहा है। ये बसें लखनऊ से ८ महानगरों के बीच चलेंगी। चिन्हित रूटों पर ६४ बसों का अतिरिक्त बेड़ा होगा। जिसमें एसी जनरथ, शताब्दी और वोल्वो बसें हैं। इन बसों का संचालन १५ जून से होगा। परिवहन निगम की अनलाइन सीट बुकिंग में एसी बसों की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। आगामी दिनों में एडवांस में एसी बसों के सीटें फुल है। ऐसे में आठ रूट चिन्हित किए गए हैं जहां एसी बसों की मांग ज्यादा है। क्षेत्रीय प्रंधक पल्लव बोस बताते है कि अतिरिक्त बसों में एडवांस सीटों की बुकिंग १३ जून की रात से खुल जाएगा। किराये में कोई बदलाव नहीं है।

# लापरवाही किसी भी स्तर से बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मध्यांचल एमडी

लखनऊ। शहर की बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर मध्यांचल मैनेजिंग डायरेक्टर ने गुरुवार को विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर बिफर गए। अभियंताओं को हिदायत देते हुए कहा कि काम में लापरवाही किसी भी स्तर से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके



साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का आदेश दिया।शहर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और उपभोक्ताओं को सहूलियत देने के लिए मध्यांचल निगम की ओर से कवायद कर दी गई। निगम की ओर से निर्देशित किया गया है कि सर्किल और डिवीजन के आफिसर सुबह १० बजे अपने क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इस प्रकरण में गुरुवार को मध्यांचल निगम के एमडी कूपर रोड, इंदिरानगर सेक्टर २५ सहित कई और डिवीजन और उपखंड कार्यालयों का भ्रमण किया गया। एमडी सूर्यपाल गंगवार ने संबंधित अधिकारियों का सख्त हिदायत दी कि अपने जिम्मेदारियों को समझे और विभाग और उपभोक्ताओं की बेहतरी के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। इस दौरान किसी भी अधिकारी और कर्मचारी द्वारा काम में कोई भी कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। आप सभी लोगों की जवाबदेही तय हो गई है। उन्होंने निर्देशित किया गया क्षेत्रिय अधिकारी अपने कार्यालयों पर पहुंचने के बाद सर्किल और डिवीजन का भ्रमण कर रहे अधिकारियों को अपना रिपोर्ट देंगे। इसके साथ ही उपकेंद्र या उपखंड कार्यालय संबंधित सभी कर्मचारियों के गतिविधियों की भी बारिकी से जानकारी देंगे। उन्होंने मध्यांचल निगम के सभी सर्किल, डिवीजनों और उपखंडों संबंधित इलाकों की सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सप्लाई व्यवस्था को मेंनटेंन कर विभाग की छवि को जनता के बीच बेहतर कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों का निर्देशित किया कि वे सभी लोग उपभोक्ताओं का सही समय से बिल देकर राजस्व वसूली में तेजी लाए। राजस्व वसूली में लापरवाही होने पर संबंधित अधधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सफर करने से पहले ट्रेन में रिजर्वेशन देख

लखनऊ। कोरोना कफर्यू हटते ही अप्रवासी श्रमिक वापस मुंबई लौटने लगे है। आलम यह कि बीते तीन दिनों में लखनऊ से मुंबई की सभी ट्रेनों में वेटिंग का आकड़ा ४०० के पार कर गया। जानकारी के मुताबिक पिछले साल लॉकडाउन के बाद से मुंबई की ट्रेनों में इतनी लंबी वेटिंग पहली बार देखी गई है। यही वजह है कि ट्रेनों में बढ़ती भीड़ से रेलवे १४ जून से अतिरिक्त ट्रेनों के फेरे बढ़ाकर वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को राहत देगा। ये आधा दर्जन लखनऊ के रास्ते मुंबई तक जाएंगी। लखनऊ से रवाना होने वाली पुष्पक और लखनऊ एलटीटी स्पेशल ट्रेनों के सभी क्लास में वेटिंग पहुंच गई है। कुशीनगर, गोरखपुर पनवेल, गोरखपुर एलटीटी जैसी ट्रेनों में भी वेटिंग ३६० के पार है। ट्रेन नंबर ०२५३३ पुष्पक में फस्ट एसी में ३० जून तक वेटिंग, सेकेंड एसी में २६ जून, थर्ड एसी में २६ जून व स्लीपर में पांच जुलाई तक वेटिंग है। वहीं ट्रेन नंबर लखनऊ एलटीटी के एसी क्लास में तीन जुलाई तक और स्लीपर में पांच जुलाई तक वेटिंग ३०५ पहुंच गई है। ट्रेन नंबर ०६१२३ बांद्रा टर्मिनस से गाजीपुर सिटी १४ जून को चलेगी। ट्रेन नंबर ०६१२४ गाजीपुर सिटी से बांद्रा टर्मिनस १६ जून दिन चलेगी। ट्रेन नंबर ०६०३५ मुंबई सेंट्रल से मंडुवाडीह १५ एवं १८ जून को चलेगी। ट्रेन नंबर ०६०३६ मंडुवाडीह से दादर १७ एवं २० जून को चलेगी। ट्रेन नंबर ०६०६६ बांद्रा टर्मिनस से मऊ १५ जून को चलेगी। ट्रेन नंबर ६१०० मऊ से बांद्रा टर्मिनस १७ जून को चलेगी।

# दिल्ली में पाबंदियों से मिली छूट, मेट्रो और बसें ५० फीसदी क्षमता के साथ चलेंगी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के केसेज कम होने और संक्रमण की दर आधा फीसदी से कम होने के बाद दिल्ली के लोगों को पाबंदियों से राहत मिली है। लगातार तीसरे हफ्ते राज्य सरकार ने छूट देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पाबंदियों में ढील देने की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली में सोमवार से सभी बाजार और मल्स पूरी तरह से खुल सकेंगे। पिछले हफ्ते इन्हें ऑड–ईवन आधार पर खोलने की इजाजत दी गई थी। सोमवार से दिल्ली के रेस्तरां भी ५० फीसदी की क्षमता के साथ खुल जाएंगे। हालांकि, इनके लिए सुबह १० बजे से रात आठ बजे तक का समय तय किया गया है। केजरीवाल ने कहा– हम अगले एक हफ्ते तक हालात पर नजर बनाए रखेंगे। अगर मामले फिर से बढ़े, तो सख्त पाबंदियां लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हालात काबू में रहे, तो रियायतें जारी रहेंगी। केजरीवाल सरकार ने सैलून भी खोलने की इजाजत दे दी है। रविवार को हुई घोषणा के मुताबिक सोमवार से सरकारी दफ्तर में सौ फीसदी अधिकारी और बाकी कर्मचारी ५० फीसदी क्षमता के साथ काम करेंगे। निजी दफ्तरों में ५० फीसदी क्षमता के साथ सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कामकाज होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि साप्ताहिक बाजार को अनुमति दी जा रही है, लेकिन एक दिन में एक जोन में एक ही साप्ताहिक बाजार को अनुमति दी जाएगी। शादियों में २० लोगों के शामिल होने की अनुमति होगी लेकिन शादी घर पर या अदालत में ही हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थल खोले जा रहे हैं, लेकिन श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति नहीं होगी। मेट्रो और बसें ५० फीसदी क्षमता के साथ चलेंगी। साथ ही ऑटो, ई–रिक्शा और टैक्सी में दो से ज्यादा सवारी बैठाने की इजाजत नहीं होगी। इसके



अलावा स्कूल–कलेज व शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों पर पाबंदी रहेगी। स्विमिंग पूल, स्टेडियम, स्पोर्ट कम्पलेक्स, सिनेमा, थियेटर, एंटरटेनमेंट पार्क, बैंक्वेट हॉल, ऑडिटोरियम, स्पा, जिम, पब्लिक पार्क और गार्डन पूरी तरह बंद रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से रूसी वैक्सीन स्पुतनिक–वी लगाने की शुरुआत हो जाएगी। अभी तक दिल्ली में कोवीशील्ड और कोवैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है। लेकिन १५ जून से तीसरा टीका भी लगने लगेगा। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में स्पुतनिक–वी का टीका उपलब्ध होगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने निजी अस्पतालों के लिए कोरोना वैक्सीन के अधिकतम दाम तय कर दिए हैं। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में स्पुतनिक–वी वैक्सीन की कीमत १,१४५ रुपए प्रति डोज होगी, जिसमें वैक्सीन की कीमत ६४८ रुपए है। उसके ऊपर ४७ रुपए जीएसटी और डेढ़ सौ रुपया सर्विस चार्ज है। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सोमवार शाम तक वैक्सीन की खेप पहुंच सकती है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से तय गई गई कीमतों के मुताबिक सबसे महंगी वैक्सीन भारत बायोटेक की कोवैक्सीन है, जिसके लिए लोगों को १,४१० रुपए देने होंगे, जबकि कोवीशील्ड का टीका सबसे सस्ता ७८० रुपए का होगा। इसमें जीएसटी और सर्विस चार्ज शामिल है। गौरतलब है कि भारत में डक्टर रेड्डीज लैबोरेटरीज ने स्पुतनिक–वी वैक्सीन के लिए रूसी कंपनी के साथ करार किया है। रेड्डीज लैब पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्पुतनिक–वी वैक्सीन का निर्माण कर रही है। कंपनी के हैदराबाद और विशाखापटनम स्थित प्लांट में इसे तैयार किया जा रहा है। लेकिन फिलहाल कंपनी वैक्सीन की डोज आयात कर रही है। माना जा रहा है कि अगस्त से भारत में बनी वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी।

# उत्तर प्रदेश बोर्ड रिजल्ट में मिले कम नंबर तो न हो परेशान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बोर्ड के छात्रों को प्रोन्नत करके अगली कक्षा में भेजने की घोषणा की गई है। अब रिजल्ट तैयार करने की कवायद चल रही है। वहीं अगर किसी छात्र को रिजल्ट में कम नंबर मिलते हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। छात्र को रिजल्ट में सुधार को एक मौका दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की रद्द हाईस्कूल और इंटरमीडियेट परीक्षाओं का परीक्षाफल की नियमावली जल्द जारी की जायेगी और छात्रों को अंक सुधार का अवसर भी प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को टीम–९ की बैठक में कहा कि कोविड महामारी के कारण इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद के १०वीं और १२वीं बोर्ड की परीक्षाएं रद कर दी गई हैं। स्थिति सामान्य होने पर इन बच्चों को अंकसुधार का अवसर भी दिया जाए। कोई मेरिट न जारी किया जाए।




परीक्षाफल तैयार करने की विस्तृत नियमावली से बच्चा/ध्अभिभावकों को यथाशीघ्र अवगत करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में सुविधानुसार ऑनलाईन परीक्षा कराई जानी चाहिए। उच्च शिक्षण संस्थानों में ३१ अगस्त तक परीक्षाफल जारी कर सितंबर के दूसरे पखवारे से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की जानी चाहिए। सम्बंधित विभागों द्वारा छात्रों को प्रोन्नत करने के फार्मूले और परीक्षा आयोजन की विधि सहित सभी नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी जल्द से जल्द जारी कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए गेहूं खरीद १५ जून के बाद भी जारी रखने की जरूरत है। जब तक किसान आएंगे, गेहूं खरीद जारी रहेगी। कोरोना महामारी के बीच इस वर्ष गेहूं खरीद में उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान रचा है। १० लाख से अधिक किसानों को सीधा लाभ हुआ है। साथ ही, ७२ घंटे के भीतर भुगतान भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं की हर दिन मॉनीटरिंग की जाएं।

# महंगाई के खिलाफ सरकार को चुनौती, कांग्रेस का हल्ला बोल

लखनऊ। कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। वहीं महंगाई के लिए भाजपा सरकार के खराब प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए रविवार को कहा कि सरकार अगर महंगाई कम करने के लिए फौरन कदम नहीं उठाती है तो पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉक्टर हिलाल अहमद ने यहां एक बयान में आरोप लगाया, "आर्थिक व्यवस्था का ऐसा कुप्रबन्धन उत्तर प्रदेश की जनता आजादी के बाद से पहली बार झेल रही है। लगातार बढ़ते हुए डीजल एवं पेट्रोल के दामों ने जनता की कमर पहले ही तोड़ रखी थी। अब खाद्य पदार्थो के आसमान छूते हुए मूल्यों ने गरीब जनता के मुँह से निवाला भी छीन लिया है।" उन्होंने सरकार से मांग की कि वह बढ़ती हुई महंगाई पर तुरन्त लगाम लगाये तथा गरीबों के खातों में कम से कम छह हजार रुपये प्रतिमाह डाले। यदि सरकार ने महंगाई को कम करने के लिए तुरंत कदम नहीं उठाये तो कांग्रेस एक बार फिर जनता की आवाज बनकर बढ़ती हुई महंगाई के विरुद्ध सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी। अहमद ने आरोप लगाया कि



सरकार महंगाई की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। भाजपा अपनी पूरी ताकत मुख्यमंत्री बनाने और हटाने में लगा रही है। प्रदेश की जनता को महंगाई डायन के सुपुर्द कर सरकार में मलाईदार पदों को प्राप्त करने की भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में होड़ लगी है। जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# प्री–मानसून की गतिविधियां शुरू, दिल्ली–राजस्थान सहित कई राज्यों में आंधी–बारिश के आसार

नई दिल्ली। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे उत्तर भारत के लोगों को अब जल्द ही राहत मिलने वाली है। जैसे–जैसे मानसून भारत के हिस्सों में आगे बढ़ता जा रहा है वैसे–वैसे उत्तर भारत में उमस भी लोगों को परेशान कर रही है। लेकिन अब एक बार फिर से मौसम पलटने वाला है और गर्मी–उमस से राहत मिलने वाली है। मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मानसून ने महाराष्ट्र कवर कर लिया है, ऐसे में दिल्ली में १५ जून तक मानसून के पहुंचने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, करीब १२ दिन पहले ही मानसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज शनिवार से राजस्थान में आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई



है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान में १२ जून से प्री–मानसून की गतिविधियां चालू हो जाएगी। जिससे आंधी चलेगी और बारिश होगी। राज्य के कई जिलों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के अलावा आज दिल्ली में भी हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही धूल भरी हवाएं–आंधी भी चलने की आंशका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में ३० से ४० किमी प्रतिघंटे की रफ्तार के से हवा चल सकती है साथ ही बारिश भी सकती है। ये क्रम अगले ५ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। जिससे में दिल्ली में तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

# आग से रोहिंग्या शरणार्थियों की 53 झोपड़ियां जलकर खाक

नई दिल्ली। दिल्ली में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। दक्षिणपूर्व दिल्ली के कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के पास आग लगने से ५३ झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। आग की ये घटना रोहिंग्या शिविर (त्वीपदहलं त्मनिहमम) होने की बताई गई है। रात में अचानक आग की घटना होने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। कई लोग अपना सामना जलने से बचाते रहे तो कई लोगों ने इधर–उधर भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस के अनुसार, रोहिंग्या शिविर में आग लगने सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले कल सुबह दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में कपड़ों की दुकान में आग लगने की घटना हुई थी। इस घटना की जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात करीब पौने १२ बजे दमकल विभाग को आग की सूचना मिली थी। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना पर दमकल की पांच गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस घटना के बारे में दक्षिणपूर्व पुलिस उपायुक्त ने बताया कि, करीब २७० रोहिंग्या शरणार्थी की ५६ झोंपड़ियां जलकर खाक हो गईं है। हालांकि अभी यह पता नहीं लग पाया है आग कैसे लगी। इस घटना की पुलिस जांच की जा रही है।

## कोरोना के नये मामलों में यूपी देश में १४वें नंबर पर, जानें राज्यों में संक्रमण की दर

लखनऊ। जनसंख्या घनत्व के मामले में देश में अव्वल उत्तर प्रदेश कोरोना संक्रमण के नये मामलों के लिहाज से १४वें नम्बर पर है। देश में सबसे ज्यादा सक्रिय केस कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, असम,




तेलंगाना, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, पंजाब और गुजरात में हैं जबकि कुल ८९८६ सक्रिय केसों के साथ प्रदेश १४वें स्थान पर है। ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति के कारण प्रदेश में कोरोना संक्रमण अपने न्यूनतम स्तर पर है। २५ करोड़ की आबादी होने के बावजूद प्रदेश में कोरोना संक्रमण पिछले २४ घंटे में पांच सौ के नीचे आ गया है और २,८६,६४३ नमूनों की जांच में सिर्फ ४६८ नए केस आए हैं, जबकि १२२१ लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। हालांकि दूसरे राज्यों में कोरोना संक्रमण अभी भी थमा नहीं है और पिछले २४ घंटे में तमिलनाडु में १५,१०८, केरल में १३,८३२, महाराष्ट्र में १०,६६७, कर्नाटक में ६,७८५ और आंध्र प्रदेश में ६,६५२ नए केस आए हैं। लगातार कम होते केसों के कारण सबसे कम केसों के सक्रिय अनुपात में देश में प्रदेश दूसरे नंबर पर है और रिकवरी रेट ९८.२ फीसदी है। उत्तर प्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जिसने अब तक सबसे ज्यादा ५,३३,४५,४६३ टेस्ट किए हैं, इसमें भी करीब आधी जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से हुई है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में निशुल्क टीकाकरण अभियान जोरों पर है। ६२ सौ से ज्यादा केंद्रों पर टीकाकरण हो रहा है। एक दिन में शनिवार को लोगों को ४,५८,९१० डोज टीके की दी गई है। अब तक कुल २,२६,३५,८१५ डोज टीके की दी गई है। पहली डोज १,६१,४१,१८३ और दूसरी डोज ३७,६४,६३२ टीके की दी गई है।


# कश्मीर की पार्टियों से बात करेगी सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि सरकार जल्दी ही जम्मू कश्मीर की पार्टियों से बातचीत शुरू करेगी। यह बातचीत जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने और वहां चुनावी प्रक्रिया को शुरू कराने के बारे में होगी। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस बारे में कश्मीर की पार्टियों से बात हो गई है और नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी सहित आधा दर्जन प्रमुख दलों ने वार्ता के लिए सहमति दे दी है। गौरतलब है कि जून २०१८ में जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था, क्योंकि उससे पहले भाजपा और पीडीपी का गठबंधन खत्म हो गया था। बाद में साल के अंत में जब पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने मिल कर सरकार बनाने का फैसला किया तो केंद्र सरकार ने राज्यपाल की रिपोर्ट पर आनन–फानन में विधानसभा भंग कर दी। उसके बाद से वहां पर चुनावों को लेकर कोई भी सियासी हलचल नहीं हुई है। इसके करीब एक साल बाद अगस्त २०१९ में केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया और साथ ही जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बना दिए। इस समय जम्मू कश्मीर में परिसीमन का काम चल रहा है और माना जा रहा है कि परिसीमन का काम पूरा होने के बाद चुनाव होगा। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उससे पहले केंद्र सरकार सभी राजनीतिक दलों से राजनीतिक वार्ता की प्रक्रिया शुरू करेगी।



# जी–७ बैठक के बाद चीन पर बढ़ा दबाव

लंदन। विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ के प्रमुख डॉ. टेड्रोस गेब्रेयेसस ने चीन को कोरोना की उत्पत्ति को लेकर चल रही जांच में सहयोग करने को कहा है। उनका यह बयान ब्रिटेन में चल रही जी–७ शिखर सम्मेलन में शनिवार को शामिल होने के बाद आया है। डब्लुएचओ प्रमुख ने कहा है कि जांच के अगले चरण में ज्यादा पारदर्शिता रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी करने के लिए हमें चीन का सहयोग चाहिए। पिछली जांच रिपोर्ट का जिक्र करते हुए टेड्रोस ने कहा कि उस रिपोर्ट के जारी होने के बाद डाटा शेयर करना मुश्किल था। खासतौर पर वह डाटा, जो कच्चे रूप में था। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जनरल के मुताबिक डॉ. टेड्रोस ने



कहा कि शनिवार को जी–७ देशों के नेताओं ने सम्मेलन में जांच को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। हम इसे अगले चरण में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया डब्लुएचओ से जांच जल्दी आगे बढ़ाने की मांग कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के बाद गुरुवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना पर चल रही जांच का मुद्दा उठाया था। उन्होंने साझा बयान में कहा था कि हम भी समय से, सबूतों पर आधारित पारदर्शी जांच चाहते हैं। इस जांच में चीन को भी शामिल किया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अमेरिकी जांच एजेंसी को कोरोना की उत्पत्ति की बारीकी से जांच करने के लिए पहले ही कह चुके हैं।

# सिब्बल ने जल्दी चुनाव की मांग की

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी में चल रही सियासी उथलपुथल थमने का नाम ले रही है। उत्तर प्रदेश के पार्टी नेता जितिन प्रसाद के भाजपा में जाने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कई सुझाव दिए हैं। जितिन प्रसाद के पार्टी



छोड़ने के बाद सिब्बल ने कहा था कि उनके साथ ऐसा मरने के बाद ही होगा। उसके बाद उन्होंने रविवार को कांग्रेस के मौजूदा संकट से उबारने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। सिब्बल ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि कांग्रेस में दोबारा उभार देश की जरूरत है। इसके लिए पार्टी को भी यह दिखाने की जरूरत है कि वह सक्रिय है और सार्थक रूप से जुड़ना चाहती है। सिब्बल ने रविवार को पार्टी को सुझाव देते हुए कहा कि पार्टी संगठन के चुनाव जल्दी कराए जाने चाहिए। केंद्र और राज्यों के स्तर पर बड़े सुधारों की जरूरत है, ताकि हम यह दिखा सकें कि पार्टी अब जड़ता की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा– देश में राजनीतिक विकल्प का अभाव है। इसलिए इस समय एक मजबूत और भरोसेमंद विपक्ष जरूरी है। कांग्रेस में अनुभव और युवाओं के बीच संतुलन बनाने की तुरंत जरूरत है। गौरतलब है कि सिब्बल कांग्रेस नेताओं के जी–२३ ग्रुप के मुखर सदस्यों में से एक हैं। इस समूह के नेताओं ने संगठन में सुधार की मांग करते हुए सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखी थी। तब राहुल गांधी ने चिट्ठी लिखने वाले नेताओं को भाजपा का मददगार बता दिया था। इन नेताओं में गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा जैसे नेता भी शामिल हैं।

# उत्तराखंड की नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश का निधन

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड में नेता विपक्ष इंदिरा हृदयेश का रविवार को निधन हो गया। पार्टी की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आईं इंदिरा हृदयेश का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पार्टी की ओर से बताया गया है कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने प्रदेश के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। गौरतलब है कि उत्तराखंड में अगले साल फरवरी–मार्च में विधानसभा का चुनाव होने वाला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी की एक मजबूत कड़ी, डॉ. इंदिरा हृदयेश के निधन का दुखद समाचार मिला। वे अंत तक जन सेवा व कांग्रेस परिवार के लिए कार्यरत रहीं। उनके सामाजिक व राजनीतिक योगदान प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा– उनके प्रियजनों को शोक संवेदनाएं। मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने उन्हें अपनी बड़ी बहन कहते हुए शोक जाहिर किया। ट्विटर पर मुख्यमंत्री रावत ने लिखा– उत्तराखंड राज्य की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहीं, मेरी बड़ी बहन जैसी आदरणीया श्रीमती इंदिरा हृदयेश जी के निधन का दुखद समाचार मिला। उन्होंने कहा कि मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान के श्री चरणों में प्रार्थना करता हूं।

# पेट्रोल के बाद अब डीजल की कीमत ने भी सौ रुपए प्रति लीटर का आंकड़ा पार

नई दिल्ली। पेट्रोल के बाद अब डीजल की कीमत ने भी सौ रुपए प्रति लीटर का आंकड़ा पार कर लिया है। शनिवार को केंद्र सरकार की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियों ने एक बार फिर कीमतों में बढ़ोतरी की, जिसके बाद पेट्रोल के दाम कर्नाटक में भी एक सौ रुपए का आंकड़ा पार कर गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, तेलंगाना आदि राज्यों में पेट्रोल की कीमत पहले ही सौ रुपए का आंकड़ा पार कर चुकी है। शनिवार को हुई बढ़ोतरी के बाद राजस्थान के गंगानगर में डीजल के दाम भी सौ रुपए का आंकड़ा पार कर गया। केंद्र सरकार की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल के भाव में प्रति लीटर २७ पैसे और



डीजल में २३ पैसे की बढ़ोतरी की। पिछले महीने चार मई के बाद पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में यह २३वीं बढ़ोतरी थी। इस बढ़ोतरी के बाद राजस्थान में डीजल एक सौ रुपए प्रति लीटर और कर्नाटक में पेट्रोल का भाव एक सौ रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। कर्नाटक देश का सातवां राज्य हो गया है, जहां पेट्रोल का भाव एक सौ रुपए को पार कर गया है। शनिवार की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल ९६.१२ रुपए प्रति लीटर और डीजल ८६.९८ रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केंद्र शासित लद्दाख में पेट्रोल के खुदरा भाव पहले ही एक सौ रुपए या उससे से ऊपर पहुंच गए थे। इस सूची में शनिवार को कर्नाटक भी जुड़ गया। कर्नाटक में बीदर, बेल्लारी, कप्पल, दावणगिरि, शिमोगा और चिकमंगलूर में पेट्रोल एक सौ रुपए से ऊपर की दर से बिक रहा है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में पेट्रोल देश में सबसे ऊंची दर पर बिक रहा है। वहां पेट्रोल का भाव १०७.२२ और डीजल १००.०५ के भाव मिल रहा है। वहां प्रीमियम पेट्रोल की दर ११०.५० और प्रीमियम डीजल की दर १०३.७२ रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल का भाव १०२.३० रुपए और डीजल का ९४.३६ रुपए प्रति लीटर है। चार मई के बाद २३ बार की बढ़ोतरी में पेट्रोल ५.७२ रुपए और डीजल ६.२५ रुपए महंगा हो चुका है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के सामन जंगल में युवती का पड़ा मिला शव

**राकेश पाण्डेय ''निश्छन''**

लखनऊ। लखनऊ सरोजनीनगर इलाके में रविवार की सुबह पीपरसड़ के जवाहर नवोदय विद्यालय के सामने स्थित जंगल में एक अठारह वर्षीय युवती का शव पड़ा मिला ।शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना पास के एक चौकीदार ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरोजनीनगर व बंथरा पुलिस के साथ ही डीसीपी मध्य सोमेन वर्मा, एडीसीपी चिरंजीव सिन्हा के साथ ही डग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और गहनता से जांच पड़ताल की लेकिन मौके से युवती की पहचान के लिए कोई साक्ष्य नहीं मिल सका। बावजूद इसके ही पुलिस ने मौके पर रोड से गुजर रहे स्थानीय लोगो को रोक रोक कर शिनाख्त कराने की कोशिश की ,लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। उधर पुलिस का कहना है कि युवती के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का खुलासा हो सकेगा कि युवती की हत्या कैसे हुई है। उधर देर शाम घटना कि जानकारी मिलने पर युवती के पिता जनपद सीतापुर के खैरा बाद के महेंद्री टोला निवासी सुजय महेंद्र ने अपनी पुत्री खुशी महेंद्र के रूप में की। सरोजनीनगर इलाके के पिपरसण्ड रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सामने सड़क से करीब २०० मीटर दूरी पर जंगल में एक युवती का शव पड़ा मिला ।जिसकी सूचना पास में रहने वाले सुनील



सिंह प्रसाद इंस्टीट्यूट के चौकीदार ने पुलिस को दी.। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरोजननगर पुलिस को मलिहाबाद निवासी चौकीदार सुनील सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसके यहां गहरू निवासी रोहित पाल दूध देने आया है। तभी इसी दौरान वह जंगल की ओर शौच करने गया था,। इसी बीच वहां सुनील ने शव पड़ा देखकर आनन फानन में मौके से डर कर भाग निकला और चौकीदार को घटना की जानकारी दी। चौकीदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शिनाख्त कराते हुए युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके पर युवती के शव से कुछ ही दूरी पर झाड़ी के पास उसके दोनों जूते व पास में ही रस्सी व खाली शराब के अलावा पानी की बोतलें भी पड़ी मिली । शव के पास काफी मात्रा में खून व युवती के गले में दुपट्टा पड़ा हुआ मिला. ।घटना के खुलासे के लिए डग स्क्वयड टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वयड की टीम मौके पर पहुंचकर काफी खोजबीन की ।डग स्क्वयड जहां लड़की का जूता था, ।वहां से चलकर लड़की के शव के पास तक गया ।फिर कच्चे रास्ते होते हुए सड़क पर आकर रुक गया. ।फिलहाल युवती की काफी शिनाख्त करवाई गई,लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका ।युवती की तलाशी के दौरान कपड़ों से भी कोई साक्ष्य नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके. ।वहीं रोड से गुजर रहे सैकड़ों ग्रामीणों ने भी उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की,लेकिन पहचान नहीं हो सकी। डीसीपी मध्य सोमेन वर्मा के मुताबिक युवती के दोनों हाथों व शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उधर रविवार की देर शाम घटना कि सूचना मिलने पर युवती खुशी महेंद्र उम्र करीब १८ वर्ष पुत्री सुजय महेंद्र जनपद सीतापुर के खैरा बाद के महेंद्री टोला के रहने वाले है। जो सरोजनीनगर के स्कूटर्स इंडिया गेट के सामने रहने वाली गुप्ता के मकान में किराए पर रहकर गौरी स्थित शिवाय ज्वेलर्स के काम करती थी और मृतक खुशी बी एससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। जो शनिवार की रात करीब आठ बजे घर से निकली थी ।जिसका शव रविवार की सुबह पीपर सड़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सामने जंगल में पड़ा मिला था।

## बच्चा चोरी के शक में मानसिक मंदित महिला को बेरहमी से पीटा

लखनऊ। सुलतानपुर जिले के लम्भ्भुआ कोतवाली के रामपुर कुर्मियान गांव में भटक कर पहुंची मानसिक मंघदित महिला को बच्चा चोरी के शक में हाथ–पैर बांधकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसका सिर भी फट गया। महिला को जिला अस्प्ताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है। उसके पति की तहरीर पर गुरुवार देर रात एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की जल्ध्द ही गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। गोमती नदी के किनारे बसे शाहपुर हरिवंश निवासी राम भुवन निषाद की पत्नी मूला की बीते करीब पांच वर्षों से दिमागी हालत ठीक नहीं है। बुधवार की रात जब उसके घर के सभी सदस्य सोए हुए थे, तभी वह मूला चारपाई से उठकर करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित रामपुर कुर्मियान गांव स्थित दलित बस्ती पहुंच गई। देर रात गांव में अनजान महिला को देख किसी ने बच्चा चोर होने की अफवाह फैला दी। थोडी ही देर में बडी संख्या में महिलाएं व पुरुष एकत्र हो गए और बिना हकीकत जाने उसकी पिटाई शुरू कर दी।वायरल वीडियो में दिख रहा कि गांव की महिलाएं भी मूला की चप्पल से पिटाई कर रही हैं, जबकि मानसिक मंघदित महिला जान बख्शने की गुहार के साथ पानी मांग रही है, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद लोगों को उस पर तरस नहीं आया। काफी देर बाद मूला के परिवारजन इसकी जानकारी मिली तो वे वहीं पहुंचे। पीडित महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पति राम भुवन निषाद की तहरीर पर राकेश व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की जांच करने के साथ आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## आशियाना के बंगला बाजार चौकी के पास नहर में उतराता शव देख मचा हड़कंप

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में शनिवार सुबह ट्राफिक चौकी के पास बंगला बाजार नहर में एक अज्ञात युवक का शव उतराया देख हड़कंप मच गया। राहगीरों ने पुलिस को कंट्रोल नंबर पर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन पंचनामा भरे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस के मुताबिक युवक का शव एक दिन पुराना है। आशियाना के बंगला बाजार चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि शनिवार सुबह थाना क्षेत्र स्थित बंगला बाजार ट्राफिक चौकी के पास नहर में एक २६ वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। नहर में उतराया शव देख राहगीरों ने कन्ट्रोल रूम पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक ने नारेदार नेकर पहन रखा था। मृतक का शव करीब एक दिन पुराना लग रहा है।

# हरदोई–कन्नौज सीमा पर गंगा में बालक समेत तीन के मिले शव

लखनऊ। हरदोई कन्नौज सीमा पर गंगा नदी में एक बालक समेत तीन के शव मिले। महिला का सिर कटा है। अभी तक शवों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मौके पर पड़ताल कर रही है। अभी शवों की पहचान नहीं हो सकी है। हरदोई जिले के अरवल थाना क्षेत्र में कन्नौज जिले के गुरुसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के बदनापुर गांव के सामने गंगा नदी में शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे तीन शव देखे गए। ग्रामीणों के अनुसार महिला का ध ाारदार हथियार से सिर कटा था, जबकि पुरुष के भी चोट के निशान बताए जा रहे हैं। तीसरा शव करीब १० वर्ष के बालक का है। ग्रामीणों का कहना है कि लग रहा है कि तीनों की हत्या कर गंगा में फेंका गया। अरवल क्षेत्र के पतारपुर और गुरुसहायगंज थाना क्षेत्र की नौरंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में गंगा नदी में मिले शव का कन्नौज क्षेत्र के ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि महिला और पुरुष की आयु करीब ४० वर्ष होगी, जबकि बालक करीब १० वर्ष का होगा। तीनों के शव पर पूरे कपड़े हैं। महिला के सिर पर दूर से चोट जैसा दिख रहा था। सूचना पर काफी देर बाद गुरुसहायगंज पुलिस पहुंची। उस समय शव गंगा के बीच में थे। कुछ समय बाद पुरुष का शव ध ाार में बहते हुए गंगा के किनारे पतारपुर की तरफ पहुंच गया तो वहां की पुलिस ने हरदोई पुलिस को सूचना दी।एएसपी पश्चिमी कपिल देव सिंह ने बताया कि शव मिले हैं। गुरुसहायगंज और अरवल की पुलिस मौके पर है। शव कन्नौज जिले की सीमा में थे। हालांकि उन्हें बाहर निकलवाया जा रहा और पहचान के बाद ही पूरी बात साफ हो सकेगी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि शवों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। अभी घटना का कारण पता नहीं चल सका है। शवों की पहचान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## छात्रा को लस्सी में नशीला पदार्थ खिलाकर उन्नाव में दुष्कर्म

लखनऊ। कृष्णानगर की १४ वर्षीय छात्रा को उसके पड़ोस में नौकरी करने वाले आकाश बहला फुसलाकर बाइक से उन्नाव जनपद की मोहान रोड पर ले गया। वहां लस्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर उससे दुष्कर्म किया। विरोध पर जमकर पीटा और धमकी दी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर आकाश और उसके मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।छात्रा के पिता के मुताबिक आकाश पड़ोस में रहने वाले साजू उर्फ साजिद की दुकान पर नौकरी करता है। बीते बुधवार को उसने बेटी को फोन कर बुद्धेश्वर बुलाया। वह बेटी को बहला फुसलाकर बाइक से उन्नाव जनपद में मोहान रोड पर ले गया। जहां सूनसान जगह में उसे नशीला पदार्थ मिलाकर लस्सी पिलाई। विरोध पर बेटी को पीटा। जब वह अचेत हो गई तो उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर बेटी को जब जानकारी



हुई तो उसने विरोध किया इस पर आकाश धमकाने लगा और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बेटी को लाकर बदहवाश हालत में बुद्धेश्वर में छोड़ दिया। बेटी की स्थिति ठीक नहीं थी वह किसी तरह से आटो से घर पहुंची। हालात सामान्य होने पर बेटी ने सारी बात बताई। आकाश की तलाश में उसकी दुकान पहुंचा और मालिक साजू से विरोध किया तो वह उल्टा धमकाने लगे। इसके बाद तहरीर लेकर कृष्णानगर कोतवाली पहुंचा तो मामला पारा का बताकर पल्ला झाड़ लिया। पारा गए तो उन्नाव का बताकर टरका दिया। मामले की जानकारी अध िाकारियों को दी। इसके बाद पारा में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। पारा इंस्पेक्टर ने राजेश कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# २५ साल बाद अकाली और बसपा साथ

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। भाजपा से अलग हुई अकाली दल ने बहुजन समाज पार्टी के साथ चुनावी तालमेल कर लिया है। दोनों पार्टियां २५ साल बाद साथ आई हैं और मिल कर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। चुनाव जीतने पर दलित उप मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान कर चुके अकाली दल को बसपा के साथ आने से बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। शिरोमणी अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को सीटों के बंटवारे का भी ऐलान कर दिया। बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र की मौजूदगा में प्रेस कांफ्रेंस में गठबंधन की घोषणा करते हुए अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने इस गठबंधन को पंजाब की राजनीति में नया सवेरा बताया। उन्होंने कहा– आज ऐतिहासिक दिन है, पंजाब की राजनीति की बड़ी घटना है। बादल ने कहा कि अकाली दल और बसपा साथ मिल कर २०२२ विधानसभा चुनाव और अन्य चुनाव लड़ेंगे। बादल ने सीटों की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की ११७ विधानसभा सीटों में से बसपा २० पर चुनाव लड़ेगी और बाकी ९७ सीटों पर अकाली दल के उम्मीदवार लड़ेंगे। बसपा माझा में पांच, दोआबा में आठ और मालवा इलाके में सात सीटों पर लड़ेगी। उसके हिस्से में जालंधर का करतारपुर साहिब, जालंधर पश्चिम, जालंधर उत्तर, फगवाड़ा, होशियारपुर सदर, दासुया, रुपनगर जिले में चमकौर साहिब, पठानकोट जिले में बस्सी पठाना, सुजानपुर, अमृतसर उत्तर और अमृतसर मध्य जैसी सीटें आई हैं।



गौरतलब है कि इससे पहले १९९६ में दोनों पार्टियों ने मिल कर चुनाव लड़ा था। हालांकि यह गठबंधन एक ही साल चला और १९९७ में अकाली दल का तालमेल भाजपा से हो गया। भाजपा के लिए अकाली दल २३ सीटें छोड़ती थीं। पहले कहा जा रहा था कि बसपा को भी भाजपा के बराबर ही सीट मिलेगी, लेकिन बाद में बसपा २० सीटों पर लड़ने के लिए राजी हो गई। ध्यान रहे पंजाब में सबसे ज्यादा करीब ३३ फीसदी आबादी दलित है।

# मौत के आंकड़े छिपाने का आरोप

नई दिल्ली। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले कांग्रेस पार्टी ने भाजपा शासित कई राज्यों पर कोरोना संक्रमण से हुई मौत के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी वे गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में आंकड़े छिपाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह भी कहा कि देश में कोविड से हुई मौतों का सही आंकड़ा पता करने और आंकड़े छिपाने वालों की जवाबदेही तय करने के लिए न्यायिक जांच कराई जाए। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने मध्य प्रदेश में कोविड से मौत के आंकड़ों से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने ट्विट किया– एक लाख ७० हजार मौत– अकेले मई माह में– सिर्फ मप्र में! जो न सोचा, न सुना, वो सत्य सामने है। मध्य प्रदेश में अकेले मई माह में छह महीने के बराबर मौतें हो गईं। इंसान की जान सबसे सस्ती कैसे हो गई? क्यों आत्मा



मर गई? कैसे शासन पर बैठे हैं 'शिवराज'? प्रधानमंत्री–मुख्यमंत्री सामने आएं, बताएं कि कौन जिम्मेदार? कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा– एनडीए का मतलब ही 'नो डेटा अवेलेबल' यानी कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। अर्थव्यवस्था और नौकरियों के आंकड़े छिपाए जा रहे हैं। अब लोगों की जान जाने के आंकड़े छिपाए जा रहे हैं, जो बहुत ही दुखद है। नए भारत में अब मरने वालों का सही आंकड़ा भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा– मई महीने में मध्य प्रदेश में एक लाख ७० हजार लोगों की मौत हुई, जबकि सरकारी आंकड़े में सिर्फ २,४५१ लोगों की मौत कोविड से होने की बात की गई है। पवन खेड़ा ने कहा– गुजरात और उत्तर प्रदेश में भी आंकड़े छिपाए गए हैं। इन दोनों राज्यों के बारे में भी ऐसी खबरें आ चुकी हैं। उन्होंने दावा किया– ऐसा लगता है कि भाजपा शासित राज्यों में कोविड से मरने वालों का आंकड़ा छिपाने की होड़ लगी हुई है। क्या आंकड़े छिपाने वाले इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कुर्सी पर बने रहने का नैतिक अधिकार है? मुख्यमंत्रियों की जिम्मेदारी बनती है। इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

# मजदूर परिवारों के बच्चों के लिये आज 'बाल संसद' का आयोजन

लखनऊ। बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस ( वर्ल्ड डे अगेंस्ट चाइल्ड लेबर ) दिवस पर पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने एक दूजे के लिये स्ट्रेस सल्यूशन्स एंड कोविड हेल्पलाइन एवं बाल चौपाल के सहयोग से सरोजनी नगर , मानस नगर , ओशो नगर , ट्रांसपोर्ट नगर , कृष्णानगर , भोला खेड़ा , काकोरी आदि क्षेत्र की कच्ची बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों के लिये आज 'बाल संसद' का आयोजन किया गया , जिसमें बाल श्रम और कोरोना संक्रमण पर चर्चा की गई। बाल संसद में बच्चों ने बड़ी मासूमियत और बेबाकी के साथ पुलिस वाले अंकल –से बाल मजदूरी और उत्पीड़न से जुड़े सवाल किये , पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने बाल श्रम से जुड़े सवालों का जवाब देने के साथ–साथ बच्चों को उनके बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किय। बाल श्रम



नियमों की जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने बताया कि , चंद रुपयों की खातिर बच्चों के बचपन को अनदेखा करके १४ साल से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी करवाना या काम के जरिये उनका शोषण करना दंडनीय एवम गंभीर अपराध है। कार्यक्रम में शामिल बच्चों के अभिभावकों को भी समझाया गया कि बच्चों के कंधों में मजदूरी की जिम्मेदारी न डालें उनके हाथों में कलम थमाकर पढ़ लिख कर आगे बढ़ने का अवसर दें। इस अवसर पर पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा बच्चों को मास्क , सेनेटाइजर , साबुन , कपी– पेंसिल , बिस्किट , फ्रूटी वितरण करके कोरोना संक्रमण की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय भी बताये गये। बाल संसद में शामिल बच्चों ने बाल श्रम न करने और पढ़ने लिखने का संकल्प लिया ।

# यूनिसेफ द्वारा आयोजित वर्चुअली आयोजित धर्म गुरु सम्मेलन में बोले धर्म गुरु अनाथ हुए बच्चों की देखभाल अब हम सब की जिम्मेदारी

लखनऊ। कोरोना संक्रमण से अनाथ हुए बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी हमसब की है। सभी आगे आएं, जिससे वे किसी गलत संस्था के पास न जा सकें। महामारी के कारण भय का वातावरण है। बच्चों के साथ ही बड़े भी अपनों को खोने के बाद भयभीत हैं और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम मिल कर ऐसे लोगों की सहायता के लिए सामने आएं। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि शनिवार को आयोजित धर्म सम्मेलन में बोल रही थीं।महिला एवं बाल विकास विभाग और यूनिसेफ द्वारा आयोजित वर्चुअली आयोजित धर्म गुरु सम्मेलन में इमाम ईदगाह मौलाना मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि हर मजहब हमें जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। आज जब तमाम मासूम बच्चे अपने माता पिता को खोने के बाद अकेले हो गए हैं तो हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इस समय ऐसे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही असली इबादत है। उन्होंने बालश्रम निवारण के लिए भी कदम उठाने पर जोर दिया। इससे पहले यूनिसेफ उत्तर प्रदेश की चीफ अफ फील्ड अफिस रूथ लीयनो ने कहा कि कोविड महामारी में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि सब कुछ प्रभावित हुआ है और जिन बच्चों ने महामारी के कारण अपने माता–पिता दोनों को खोया है। ऐसे बच्चों को विशेष देखभाल एवं स्नेह की आवश्यकता है। उन्होंने धर्म गुरुओं से टीकाकरण को भी बढ़ावा देने का अनुरोध किया।महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक, मनोज कुमार राय ने कहा कि कोविड प्रभावित बच्चों के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कि शुरुआत की गई है। हमारा



उद्देश्य है कि योजना का लाभ प्रत्येक कोविड प्रभावित बच्चे तक पहुंचे। ऐसे किसी भी बच्चे की जानकारी १०९८ अथवा १८१ पर अवश्य साझा करें और बच्चों को गलत हाथों में पड़ने से रोकने में अपना सहयोग करें। प्रदेश में अब तक लगभग ३००० कोविड प्रभावित बच्चों के विषय में पता चला है, जिन्होंने माता–पिता में से किसी एक अथवा दोनों को खोया है। सम्मेलन में सिख धर्म के संत बाबा प्रीतम सिंह ने कहा, सिख धर्म हमे सिखाता है कि हम हर किसी को अपनेपन की भावना से देखें अतः हर बच्चे को अपना समझें और उसकी रक्षा करें। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रोग्राम मैनेजर अमित महरोत्रा के संचालन में आयोजित सम्मेलन में फादर वरगिस कुन्नाथ व उप निदेशक बीएस निरंजन समेत सूबे के सभी जिलों के ८०० धर्म गुरु शामिल हुए।

# यूपी बाल आयोग की दो सदस्य हटाई गईं

लखनऊ। यूपी बाल आयोग की दो सदस्य हटाई गईं, इस वजह से शासन ने लिया फैसला उत्तर प्रदेश शासन ने राज्य बाल आयोग




से २ सदस्यों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। डा प्रीति वर्मा पांडेय और जया सिंह की सदस्य पद से छुट्टी कर दी गई है। दरअसल ड प्रीति वर्मा के पति आशीष पांडे इस वक्त जेल में हैं। वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोशल मीडिया सेल के हेड थे। सीएम आदित्यनाथ योगी के कथित टूल किट मामले में कानपुर पुलिस ने आशीष पांडेय व हिमांशु सैनी को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने दूसरे की कंपनी को नीचा दिखाने के लिए साजिश रचकर ऑडियो वायरल किया था। यह दोनों सीएम की सोशल मीडिया टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी और बाल आयोग की सदस्य प्रीति वर्मा पांडेय ने विगत दिनों ही सोशल मीडिया के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बात रखने की मांग की थी। लेकिन विपक्षी दलों का दबाव झेल रही सरकार इस मौके पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को बोलने का एक और मौका नहीं देना चाहती थी। बाल आयोग में इन दोनों सदस्यों की जगह पर जल्द ही नई सदस्यों का चयन किया जाएगा।

# लगातार कम हो रहा कोरोना लेकिन न करें लापरवाही

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कमजोर पड़ती कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच करीब ७३ दिनों बाद राज्य में एक दिन में नये मामलों की संख्या ५०० से कम दर्ज की गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि पिछले २४ घंटे में वैश्विक महामारी से ग्रसित ४६८ नये मामले सामने आये है। इससे पहले २१ मार्च को एक दिन में ५०० से कम केस दर्ज किये गये थे। इस दौरान १२२१ मरीज कोरोना संक्रमण से मुक्त हुये है। बीते २४ घंटों में २,८६,६४३ सैम्पल जांचे गए, जिसमें सवा लाख सैम्पल आरटीपीसीआर माध्यम से टेस्ट किये गए। राज्य में फिलहाल सक्रिय मामलों की संख्या ८,६८६ हो गयी है। पिछले २४ घंटों में कुल पजिटिविटी दर मात्र ०.२ प्रतिशत रही, जबकि रिकवरी दर ६८.२ फीसदी हो गई है। कोरोना महामारी के बीच अब तक १६ लाख ७१ हजार ८५२ प्रदेशवासी कोविड संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना प्रबंधन के लिये गठित टीम–०६ की बैठक में कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी की स्थिति हर दिन के साथ और नियंत्रित



होती जा रही है। वायरस अब कमजोर पड़ चुका है, लेकिन संक्रमण का खतरा अब भी बना हुआ है। इसलिये और अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होने कहा कि पिछले १२ दिनों में लगभग ४६ लाख लोगों ने टीका–कवर प्राप्त किया है। २४ घंटों में १८ से ४४ आयु वर्ग के २,३५,६८३ लोगों सहित चार लाख ५८ हजार से अधिक लोगों ने वैक्सीन कवर लिया है। अब तक प्रदेश में ०२ करोड़ २६ लाख ३५ हजार ८१५ डोज लगाई जा चुकी है। हमें अगले माह से प्रतिदिन १०–१२ लाख वैक्सीन डोज लगाने के लक्ष्य के सापेक्ष तैयारी करनी होगी। कोल्ड चेन को व्यवस्थित रखते हुए इस संबंध में सभी जरूरी तैयारी समय से पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। स्थिति सामान्य हो रही है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि वायरस कमजोर हुआ है, खत्म नहीं हुआ। संक्रमण कम हुआ है, पर जरा सी लापरवाही संक्रमण को फिर बाधा सकती है। सभी लोग मास्क, सैनिटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड बचाव के व्यवहार को जीवनशैली में शामिल करें। बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। भीड़ से बचें। पुलिस बल सक्रिय रहे।

# आलमबाग बस टर्मिनल पर मास्क न लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया

लखनऊ। कोविड–१६ की रोकथाम के ष्टिगत आलमबाग बस टर्मिनल पर मास्क न लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया एवं उनसे जुर्माना भी वसूला गया और उन्हें मास्क दिया गया। आज आलमबाग बस टर्मिनल पर बिना मास्क के आने वाले यात्रियों एवं परिवहन निगम के कर्मचारियों के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में मास्क न लगाने वाले यात्रियों के साथ साथ निगम कर्मियों के साथ २६ लोगों का चालान किया गया और उनसे जुर्माना वसूला गया साथ ही यूपी रोडवेज इम्प्लइज यूनीयन की ओर से मास्क का वितरण भी किया गया। अभियान में यूपी रोडवेज इम्प्लइज यूनीयन के क्षेत्रिय अध्यक्ष रुपेश कुमार ने कहा कि कोरोना की रफ्तार धीमी पड़ते ही लोग लापरवाही बरतने लगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह लापरवाही बरती गई तो कोरोनावायरस का तीसरा पुनः आ जाएगा और उससे अत्यधिक जनहानि हो सकती है। इसलिए सतर्कता बहुत जरूरी है ताकि वायरस की पुनः वापसी न हो सके। इसी सतर्कता के तहत इस अभियान को संचालित किया गया और आगे भी किया जाएगा।इस अभियान में एआरएम मतीन अहमद, क्षेत्रीय अध्यक्ष रूपेश कुमार, इन्चार्ज रीता सक्सेना, एसआई संदीप शर्मा, वसीम सिद्दिकी, एसपी सोनकर, मुख्तार अहमद, अमरजीत सिंह, वीर बहादुर, नूर आलम आदि लोग शामिल रहे।

# मशहूर हुए प्रशांत किशोर पर अब वेब सीरीज बनने जा रहे

मुंबई। चुनाव में रणनीति बनाकर दुनियाभर में मशहूर हुए प्रशांत किशोर पर अब वेब सीरीज बनने जा रही है. वेब सीरीज शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज बनाने की तैयारी कर रही है. बता दें कि प्रशांत किशोर अभी मुंबई में ही है और आज उन्होंने शरद पवार से भी मुलाकात की है. उम्मीद जताई जा रही है कि शरद पवार के बाद अरे आज देर शाम शाहरुख खान से मुलाकात कर सकते हैं. हालांकि अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है कि प्रशांत किशोर इस वेब सीरीज के लिए तैयार हैं. सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार प्रशांत किशोर और शाहरुख खान आज उनके बंगले मन्नत पर मुलाकात कर सकते हैं. प्रशांत किशोर ने आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार से मुंबई स्थित उनके आवास पर मुलाकात की. दोनों ने एक साथ ही लंच किया और करीब ३ घंटे तक वह एक कमरे में बंद होकर बात करते रहे.



जानकारों का मानना है कि दोनों के बीच २०२४ में होने वाले लोकसभा चुनाव पर चर्चा हुई होगी. मुलाकात के बाद प्रशांत किशोर और शरद पवार में से किसी ने भी इस मुलाकात के बारे में कुछ भी नहीं बताया. यही कारण है कि इस मुलाकात के सियासी मायने काफी बढ़ गए हैं. हालांकि बंगाल विधानसभा चुनाव के खत्म होने के बाद प्रशांत किशोर ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी. जानकारों का कहना है कि प्रशांत किशोर एक बार फिर से वापसी करें तो इसमें किसी को कोई हैरानी नहीं होगी. शरद पवार और प्रशांत किशोर के बीच किया मुलाकात इसलिए भी अहम बताई जा रही है क्योंकि ३ घंटों की इस मुलाकात में उनके साथ और कोई भी मौजूद नहीं रहा. यहां तक कि शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को भी इस बैठक में दोनों में से किसी ने भी शामिल नहीं किया. प्रशांत किशोर ने मुलाकात के बाद बस इतना ही कहा कि है एक औपचारिक मुलाकात थी इसे अन्यत्र लेने की आवश्यकता नहीं है. बता दें कि पिछले कुछ दिनों से शरद पवार की तबीयत ठीक नहीं चल रही है और कई दिग्गज नेताओं ने उनसे घर जाकर मुलाकात की है. इसे में प्रशांत किशोर की शरद पवार से मुलाकात उस लिहाजे से भी देखी जा सकती है।

# द्रौपदी' के किरदार में नजर आएगी रिया चक्रवर्ती मिला बड़े बजट की फिल्म का ऑफर



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस और सुशांत सिंह राजपूत की एक्स गर्लफ्रेंड रह चुकी रिया चक्रवर्ती लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। पहले ड्रग मामले में और अब अपने बड़े बजट के प्रोजक्ट को लेकर। रिया चक्रवर्ती को एक बड़े बजट की फिल्म का अफर मिला है। जिसमें वह द्रौपदी का रोल निभाने वाली हैं। बता दें कि रिया आखिरी बार २०१८ में आई फिल्म 'जलेबी' में नजर आई थी। इसके बाद रिया को कोई काम नहीं मिला था। लेकिन अब रिया अपने इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है जिसमें महाभारत और द्रौपदी के कैरेक्टर को दिखाया जाएगा। इस फिल्म को आज की दुनिया के हिसाब से बनाया जाएगा, इसलिए यह फिल्म मडर्न और कंटेंपरेरी होगी। फिल्म में द्रौपदी का रोल रिया को अफर किया गया है। वहीं रिया बॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धूम मचाने वाली है। रिया फिल्म 'चेहरे' में दिखाई देने वाली है जो जल्द ही रिलीज होगी। रूमी जाफरी की बहुचर्चित फिल्म 'चेहरे' में महानायक अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, अनु कपूर और क्रिस्टल डिसूजा भी दिखाई देंगे। रिया भी इस फिल्म के जल्द से जल्द रिलीज होने का इंतजार कर रही है। तेलुगु फिल्म से कैरियर की शुरुआत करने वाली रिया ने बॉलीवुड में बैंक चोर, हाफ गर्लफ्रेंड, मेरे डैड की मारुति और जलेबी में काम किया है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक

आरती पाण्डेय

मो.9415087228

9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar
@yahoo.in
adbhut_samachar
@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक